MJC-3/MIC-3/MDC-3

DATE 11 02 2026

Socialization: Definition

(4) ग्रीन्स — "समाजीकरण समाज के नियमों के अनुसार सीख की प्रक्रिया है।"

(5) फ्रिचर — "समाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति सामाजिक व्यवहारों को स्वीकार करता है और उनसे अनुकूलन करना सीखता है।"

(6) न्यूमेयर — 'एक व्यक्ति के सामाजिक प्राणी के रूप में परिवर्तित होने की प्रक्रिया का नाम ही समाजीकरण है।"

उपर्युक्त परिभाषाओं से स्पष्ट होता है कि समाजीकरण की प्रक्रिया तीन महत्वपूर्ण पक्षों पर आधारित है-

* जीवरचना - (organism) यह मनुष्य को वे क्षमताएँ प्रदान करती है जिनकी सहायता से वह दूसरे व्यक्तियों के व्यवहारों को सीखकर भाषा के द्वारा उन्हें अभिव्यक्त करता है।

* व्यक्ति (Individual) — व्यक्ति समाजीकरण प्रक्रिया का वास्तविक आधार है क्योंकि व्यक्ति में 'आत्म' का विकास हुए बिना यह प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती।

* समाज (Society) — यह वह क्षेत्र है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति विभिन्न प्रकार से अन्तर्क्रियाएँ करता है।

PAGE

classmate